Request to provide subsidy to the units set up in Uttar Pradesh under the Rozgar Srijan Yojana

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक **(मुजफ़्फ़रनगर) :** धन्यवाद सभापति महोदय । मैं आपके माध्यम से एक लोक महत्व के विषय को सदन के माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाकर कार्रवाई की मांग करता हूँ।

मान्यवर, सरकार ने प्रधान मंत्री रोजगार सृजन योजना पर बहुत शोर मचाया और इस योजना के अंतर्गत हमारे उत्तर प्रदेश में बहुत सारी इकाइयां लगी हैं, जिन्हें लोन भी मिला, परंतु आज तक उनको सब्सिडी नहीं मिल पायी है । जिला उद्योगों के द्वारा तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी सब्सिडी का समायोजन और स्वीकृति पत्र प्रदान नहीं किए गए हैं । जिला उद्योग केन्द्रों में पूछने पर बताया जाता है कि इसका सत्यापन सरकार द्वारा किसी प्राइवेट संस्था, जो किसी एक विशेष संगठन से जुड़ी हुई है, के माध्यम से कराया जाता है और अपनी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने के बाद ही सब्सिडी को ऋण में सम्मिलित किया जाएगा । मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि जो छोटी-छोटी यूनिट लगी थीं, उन सभी को सब्सिडी दे दी जाए । जिनकी सब्सिडी स्वीकृत है, उनकी सब्सिडी उनको दी जाए ।